कार्यालय - प्राचार्य, शासकीय रानी सूर्यमुखी देवी महाविद्यालय छुरिया
जिला - राजनांदगांव (छ.ग.)
Website - chhuriacollege.com Email chhuriacollege@gmail.com Phone&Fax – 07745 – 299273
Accredited by NAAC with Grade "B"

दिनांक 11.10..2022

अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस कार्यक्रम का आयोजन

आज दिनांक 11.10.2022 को शासकीय रानी सूर्यमुखी देवी महाविद्यालय छुरिया में प्राचार्य डॉ. सुषमा चौरे (नेताम) के मार्गदर्शन एवं IQAC प्रभारी श्री विनय चौरे के दिशानिर्देशन में **"अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस"** कार्यक्रम महाविद्यालय के सभा कक्ष में रखा गया।

संस्था प्रमुख डॉ. सुषमा चौरे (नेताम) ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रत्येक वर्ष दुनिया भर में बालिकाओं के मौलिक अधिकार, शिक्षा, समानता, सुरक्षा और भी चुनौतियों से लड़ रहीं है। इन्ही चुनौतियों को दूर करने के लिए संयुक्त राष्ट्र द्वारा प्रत्येक वर्ष 11 अक्टूबर को मनाया जाता है। अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर संस्था प्राचार्य ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी छात्र–छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि हमारे महाविद्यालय में छात्राओं की संख्या छात्रों की अपेक्षा अधिक है व छात्राएं हर कार्यक्रम में बढ़–चढ़ कर सहभागिता प्रदान करतें है।

उद्बोधन की अगली कड़ी में महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. एच.एस. भाटिया ने कहा कि प्रत्येक वर्ष की तरह इस साल के अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस में बालिकाओं को समानता के लिए **"हमारा समय अभी है, हमारे अधिकार, हमारा भविष्य"** रखा गया है। दुनिया भर में बालकों के अपेक्षा बालिकाओं का अधिकतर समय घरेलू कार्य में लग जाता है। इस वजह से अधिकांश देशों में बालिकाएं शिक्षा से वंचित रहती हैं। बालिकाओं के समानता व शिक्षा के अधिकार के लिए दुनिया में विभिन्न कार्यक्रम चलाये जाते है।

कार्यक्रम का संचालन महिला सशक्तिकरण प्रभारी सहायक प्राध्यापक सुश्री दीपिका ध्रुवे द्वारा किया गया।

इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त सहायक प्राध्यापक, श्री उष्यंत कुमार चनाप, श्री नरेन्द्र उमरिया एवं सुश्री प्रीतिबाला ठाकुर एवं समस्त अतिथि व्याख्याता, श्री चैतराम यादव, सुश्री इंदिरा इंदु, श्री जी.एल. सोनकर, श्री गन्नू साहू एवं श्री ओमप्रकाश सहारे एवं महाविद्यालय के विद्यार्थीगण उपस्थित रहें।

महिला सशक्तिकरण प्रभारी

डॉ. सुषमा चौरे (नेताम)
प्राचार्य